प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक 2025 किया पेश, पैसों पर आधारित खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग पर रोक लगाने का उद्देश्य।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने जमशेदपुर में दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन को दी श्रद्धांजलि, कहा– शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का जाना राज्य के लिए अपूरणीय क्षति।
- पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि समारोह किया आयोजन, प्रदेश अध्यक्ष समेत कई नेताओं ने किया नमन।
- हजारीबाग में सड़क हादसे में महिला और नवजात की मौत, परिजनों ने विरोध में किया सड़क जाम, जामताड़ा में वृद्ध महिला की मौत पर स्वास्थ्य मंत्री ने परिजनों को सहायता राशि देने की घोषणा की।
- मौसम विभाग ने कल राज्य के उत्तर–पूर्वी और मध्य भागों में भारी वर्षा, गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात की जताई संभावना।

******************

इलेक्ट्रोनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक–2025 पेश किया। इसका उद्देश्य ई–खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढावा देना तथा पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुडे वित्तीय लेन देन पर रोक लगाना है। ब्योरा हमारे संवाददाता से –

******************

केंद्र सरकार के ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक 2025 के लोकसभा में पेश करने पर हजारीबाग के मंडईखुर्द निवासी सुरेश कुमार महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि उनके बेटे ने ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण आत्महत्या कर ली थी। सुरेश महतो ने विश्वास जताया कि यह कानून युवाओं को बचाने में मददगार होगा और कई परिवारों की खुशियां लौटेंगी।

******************

झारखंड के पूर्व राज्यपाल और वर्तमान महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उप–राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई मंत्री और अन्य दलों के नेता भी मौजूद रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह झारखंड के लिए गर्व की बात है कि राज्यपाल रह चुके व्यक्तित्व देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंचे हैं।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन संग जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित दिवंगत पूर्व स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आवास पहुंचे और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद रामदास सोरेन का जाना राज्य और उनके लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने उनके झारखंड आंदोलन में योगदान और बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों को याद किया।

******************

रांची के पुराना विधानसभा मैदान स्थित राजीव गांधी पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि सूचना क्रांति में राजीव गांधी का योगदान ऐतिहासिक है और उनका असामयिक निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति थी।

******************

हजारीबाग रांची–पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में इलाज के लिए जा रही महिला और नवजात की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों

ने मार्ग जाम कर दिया और फरार वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग की। इचाक के सीईओ और थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया।

******************

जामताड़ा के नारायणपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मौके पर पहुंचे और मृतक परिजनों को विभागीय स्तर से एक लाख तथा निजी स्तर से 20 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की।

******************

भारतीय डाक विभाग में एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए 1 सितंबर से रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को बंद करने की घोषणा की है और अब सिर्फ स्पीड पोस्ट की सेवा उपलब्ध रहेगी। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

मौसम विभाग ने कल राज्य के उत्तर पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। साथ ही कहीं–कहीं गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने, जलजमाव और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए अलर्ट रहने की अपील की है।

******************

हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 ट्रॉफी टूर आज रांची के मारांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम पहुंचा, जहां खेल एवं युवा मामले के मंत्री सुदिव्य कुमार और रांची विधायक चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह ने इसका अनावरण किया। इस अवसर पर खेल निदेशक शेखर जमुआर, जेईपीसी के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन और हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह भी मौजूद रहे।

*******समाप्त********